जय काली जय काली

जय हो कालका माई तेरी जय हो कालका माई,
भक्तों की रक्षा करने को पावन रूप हो आई,
जय हो कालका माई तेरी.....

देवन करे पुकार मात ने खंडा था लहराया,
चुन-चुन कर दोस्तों को मारा कोई बच ना पाया,
भक्तों पर कृपा होती है तेरी हर पल माई,
जय हो कालका माई तेरी जय हो कालका माई,
जय काली जय काली जय काली.....

काल भी तुमसे कपे मैया तुम ही हो बलशाली,
देवी देवता तेरे दर पर बनके खड़े सवाली,
सबकी चिंता दूर करें तेरा नाम बड़ा सुखदाई,
जय हो कालका माई तेरी जय हो कालका माई,
जय काली जय काली जय काली.....

दुष्टों का है काल कालिका भक्तों की रखवाली,
इसके दर से कभी भी कोई गया ना मुड़कर खाली,
मेरी बारी क्यों जगदंबे तूने देर लगाई,
जय हो कालका माई तेरी जय हो कालका माई,
जय काली जय काली जय काली जय काली.....

आज तेरा जगराता दाती सबको दरस दिखा दे,
कब से खड़े हैं दर पर तेरे दिल की प्यास बुझा दे,
लकी चंचल की भी दर पर हो जाए सुनवाई,
जय हो कालका माई तेरी जय हो कालका माई,
जय काली जय काली जय काली जय काली जय काली जय काली जय काली.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/28683/title/jai-kali-jai-kali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |